प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## प्रतियोगिता के दूसरे दिन विद्यार्थियों में खेल–कूद के प्रति दिखा उत्साह

पंतनगर। 9 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में विद्यार्थियों की तीन–दिवसीय 55वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की 800 मीटर दौड़ में मीनाक्षी भवन छात्रावास के ध्रुव शर्मा प्रथम, पटेल भवन छात्रावास के रजत सैनी द्वितीय एवं सीबी प्रथम छात्रावास के राहुल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग की 800 मीटर दौड़ में गांधी भवन छात्रावास की नेहा बोरा प्रथम, मंदाकिनी भवन छात्रावास की मनीषा पटवाल द्वितीय एवं गांधी भवन छात्रावास की अंजली रंगर तृतीय स्थान पर रहीं। 5000 मीटर दौड़ में नेहरू भवन छात्रावास की कनिष्का प्रथम, सीबी प्रथम छात्रावास के हर्षित सिंह बिष्ट द्वितीय एवं पंत भवन छात्रावास के दिव्यांश तृतीय स्थान पर रहें। 110 मीटर हडल में सीबी प्रथम छात्रावास से अमन दुमका प्रथम, सुजल सिंह द्वितीय एवं सौरभ तृतीय स्थान पर रहें। 400 मीटर हडल में सीबी प्रथम छात्रावास के दीपराज गोस्वामी प्रथम, पंत भवन छात्रावास के पंकज काण्डपाल द्वितीय एवं सीबी प्रथम छात्रावास के अमन दुमला तृतीय स्थान पर रहें। लॉग जम्प प्रतियोगिता में पटेल भवन छात्रावास के जतिन कुमार प्रथम, वीएस भवन छात्रावास के अवी कुमार शर्मा द्वितीय एवं वीएस भवन छात्रावास के ही हिमांशु जलाल तृतीय स्थान पर रहें। शॉट पुट प्रतियोगिता छात्र वर्ग में नेहरू भवन के अक्षंच परिहार प्रथम, शिवालिक भवन छात्रावास के सचिन डोगरे द्वितीय एवं मीनाक्षी भवन छात्रावास के अवनीत सिंह राना तृतीय स्थान पर रहें। शॉट पुट प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में गोल्डन जुबली छात्रावास की पारूल सिंह प्रथम, सरोजनी भवन छात्रावास की श्रेया चन्द द्वितीय एवं कस्तूरबा भवन छात्रावास की कृतिका जोशी तृतीय स्थान पर रहीं। जैवलिंग थ्रो प्रतियोगिता छात्र वर्ग में नेहरू भवन छात्रावास के आयुष पुरोहित प्रथम, शिवालिक भवन छात्रावास के सचिन डोगरे द्वितीय एवं वीएस भवन छात्रावास के अवी कुमार शर्मा तृतीय स्थान पर रहें। जैवलिंग थ्रो प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में सरोजनी भवन छात्रावास की अक्षिता प्रथम, गंगोत्री भवन छात्रावास की सोनम डोलकर द्वितीय एवं यमुनोत्री भवन छात्रावास की कंचन बिष्ट तृतीय रहीं। 4×400 रिले प्रतियोगिता छात्र वर्ग में सीबी प्रथम छात्रावास के विशाल राना, लोकेश सिंह बोरा, राहुल कुमार एवं भरत सिंह प्रथम, पटेल भवन छात्रावास के जतिन, कार्तिक भगत, रजत सैनी एवं सूरज चौहान द्वितीय तथा पटेल भवन छात्रावास से ही शाश्वत बंगवाल, दिव्यांश जोशी, अतुल यादव एवं पंकज काण्डपाल तृतीय स्थान पर रहें। 4×400 रिले प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में मंदाकिनी भवन छात्रावास की मनीषा पाण्डे, अमृता शुक्ला, मेघर जग्गी एवं सिमरन अंदौत्रा प्रथम, गांधी भवन छात्रावास की भूमि सोनकर, रिया मेहरा, दीपांशी मौर्या एवं अंजली रंगर द्वितीय तथा कस्तूरबा भवन छात्रावास की सपना, हिमानी, आरती बिष्ट एवं कृतिका जोशी तृतीय स्थान पर रहीं।

समस्त विजेता प्रतिभागियों को कार्यवाहक कुलपति डा. दीपा विनय; अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह; सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा, डा. पूनम त्यागी; सह–निदेशक, शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया, साथ ही समस्त विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।




*प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ अधिकारीगण।*

